अति आवश्यक

राजस्थान सरकार

स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान

(जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी, सी–स्कीम,सिविल लाईन फाटक के पास, जयपुर)

क्रमांकः एफ.15(ग)/पीडी/डीएलबी/इ.र.यो./जनरल/20/1688 दिनांकः 10/8/2022

आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी
नगर निगम/नगर परिषद/नगरपालिका
समस्त राजस्थान।

विषयः—इन्दिरा रसोईयों की साफ–सफाई हेतु सफाई कर्मचारी लगाने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इन्दिरा रसोई योजना राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना है। प्रदेश में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं का मुख्यमंत्री सेवा प्रदायगी प्रकोष्ठ (Chief Minister's Service Delivery Cell)की टीम द्वारा समय–समय पर आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण में मुख्य रूप से रसोईयों की साफ–सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का आंकलन किया जाता है। मुख्यमंत्री सेवा प्रदायगी प्रकोष्ठ टीम द्वारा अब तक किये गये निरीक्षणों में रसोई में समुचित साफ–सफाई एवं रसोई के अवशेष/झूठन का निस्तारण समय पर नहीं किया जाना मुख्य बिन्दु रहा है।

अतः आपसे आग्रह है कि नगर निकायों में संचालित इन्दिरा रसोईयों की साफ–सफाई हेतु नगर निकाय स्तर से एक सफाई कर्मचारी लगाया जावे, जो सम्बन्धित रसोई संचालक से समन्वय स्थापित करते हुए प्रतिदिन रसोई की समुचित साफ–सफाई का कार्य करेगा। साथ ही प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा संग्रहण (हुपर) वाहन को भी प्रतिदिन इन्दिरा रसोई के अवशेष/झूठन एवं कचरा ले जाने हेतु पाबन्द किया जावे।

पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

(हृदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः एफ.15(ग)/पीडी/डीएलबी/इ.र.यो./जनरल/20/1689-94 दिनांकः 10/8/2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
3. जिला कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष जिला स्तरीय समन्वय एवं मॉनिटरिंग समिति (इ.र.यो.) समस्त राजस्थान।
4. उपनिदेशक (क्षेत्रीय) स्थानीय निकाय विभाग समस्त राजस्थान।
5. रसोई संचालक इन्दिरा रसोई योजना समस्त राजस्थान।
6. रक्षित पत्रावली।

(नरेश कुमार गोयल)
स्टेट नोडल अधिकारी